BCM SCHOOL BASANT AVENUE LUDHIANA

CLASS III

HINDI ASSIGNMENT

I निम्नलिखित पंक्तियों को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दें-

मैं एक निर्धन किसान हूँ। महाराज! मैंने अपने बच्चों के लिए पाई-पाई करके धन एकत्र किया था परंतु वह कहता है कि वह मुझे जानता ही नहीं।

प्र०1-यह पंक्तियाँ किस पाठ में से ली गई है?

प्र०2-अपने बच्चों के लिए पाई-पाई करके धन एकत्र किसने किया था?

प्र०3-समानार्थक शब्द लिखो-

क) इकट्ठा- ख) कृषक-

प्र०4-पंक्तियों में से कोई दो सर्वनाम शब्द लिखो-

प्र०5-विलोम शब्द- धनी

II निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर शब्दों में दें-

प्र०1-तीर्थयात्रा के लिए कौन जा रहा था?

प्र०2-कवयित्री किसमें पानी रखने को कहती है?

प्र०3-व्यापारी ने ब्राहमण को कुएँ से एक बाल्टी पानी के कितने रुपए देने को कहा?

III निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर वाक्य में दें-

प्र०1-व्यापारी ने अपना कुआँ किसे बेचा?

प्र०2-चंद्रगुप्त के दरबार में अपनी समस्या लेकर कौन आया?

IV निम्नलिखित प्रश्नों के लिए सही विकल्प चुनें -

प्र०1-संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्दों को क्या कहते हैं?

क) क्रिया		ख) विशेषण		ग)वचन

प्र०2- .... अपना काम करना है। वाक्य के लिए उचित सर्वनाम शब्द है-

क) मेरे को		ख) हम		ग) मुझे

प्र०3-पिताजी के आते ही अमित.................................... जाता है। वाक्य के लिए उचित मुहावरा चुनें -

क) हाथ मिलाना	ख) भीगी बिल्ली बनना	ग) हाथ बँटाना

प्र०4-जो आसान हो, उसे ....कहते हैं।

क) आलसी		ख) अनुज		ग) सरल

प्र०5-अड़तालीस के बाद क्या आता है?

क) उनचास		ख) पचास		ग) सैंतालीस

V निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करें-

1.मैंने यह काम नहीं करा।

2.मुझे एक ठंडा गिलास पानी चाहिए।

VI निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिए उचित विकल्प चुनें -

पेड़ और पौधों की जगह हमारे प्राकृतिक संसाधनों में महत्वपूर्ण हैं। पेड़-पौधे हमारे मित्र हैं। यह हमें श्वास लेने के लिए ऑक्सीजन और भोजन के लिए फल और सब्जियाँ प्रदान करते हैं। पेड़-पौधे हमारे पर्यावरण को भी सुंदर और हरा – भरा बनाए रखते हैं। इनके बिना हमारा जीवन असम्भव हो जाएगा। हमें इन्हें बचाने और बढ़ाने के लिए जिम्मेदारी लेनी चाहिए।

प्र०1-पेड़-पौधों के बिना हमारा जीवन कैसे हो जाएगा?

क) संभव		ख) असंभव		ग) आसान

प्र०2-पेड़ भोजन के लिए हमें क्या प्रदान करते हैं?

क) ऑक्सीजन		ख) पर्यावरण		ग) फल और सब्जियाँ

प्र०3-हमें पेड़ों को बचाने और बढ़ाने के लिए क्या लेनी चाहिए?

क) सौगंध　　ख) जिम्मेदारी　　ग) प्रण

प्र०4-पदेन 'र' वाला शब्द है-

क) करते　　ख) पर्यावरण　　ग) प्रदान

प्र०5- संभव का विलोम शब्द क्या है?

क) संभावना　　ख) संभलना　　ग) असंभव